पेज थ्री देहरादून

हमारा दून

देहरादून बृहस्पतिवार 8 अक्टूबर 2020



प्राचीन पवित्र छड़ी यात्रा पिथौरागढ़ पहुंची, जगह–जगह लोगों ने किया भव्य स्वागत।



## संक्षिप्त समाचार

### परांगांव के लोगों ने भाजपा को छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता ली

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय जनता पार्टी की कुनीतियों के चलते हुए परांगांव के लोगों ने भाजपा को छोड़कर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता प्रदेश अध्यक्ष व विधायक प्रीतम सिंह की उपस्थिति में ली। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा है कि आज भाजपा की कुनीतियों के चलते हुए भाजपा के ही लोग पार्टी छोड रहे है। उन्होंने कहा कि भाजपा की कथनी व करनी में काफी अंतर है और आज जिस प्रकार से केन्द्र सरकार किसानों के लिए काले कानून लागू कर रही है जिसका पुरजोर विरोध किया जा रहा है।

### बाहरी लोगों की आवाजाही व प्रवेश को रोकने की मांग

**संवाददाता** देहरादून। गांव में पिकनिक एवं बाहरी लोगों की आवाजाही व प्रवेश को रोकने की मांग को लेकर विश्व हिन्दू सेना के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय में प्रदर्शन कर जिला प्रशासन के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया। यहां विश्व हिन्दू सेना के कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष अंकित बडथ्वाल के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय में इकटठा हुए ओर वहां पर प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया गया।

### सौ मीटर तक पानी की लाईन बिछाये जाने की मांग

**संवाददाता** देहरादून। लक्खीबाग बंदर वाली गली में सौ मीटर तक पानी की लाईन बिछाये जाने की मांग को लेकर क्षेत्रवासियों ने जल संस्थान के झंडे स्थित कार्यालय में प्रदर्शन कर धरना दिया और कहा कि जब तक सक्षम अधिकारी मौके पर नहीं आ जात वह धरने से नहीं उठेंगें। यहां लक्खीबाग स्थित बंदर वाली गली के निवासियों का आक्रोश उस समय फूट पडा जब वह झंडे स्थित जल संस्थान के कार्यालय पहुंचे और वहां पर उन्होंने प्रदर्शन किया और धरने पर बैठ गये।

### मोटोरोला रेजर 5जी लॉन्च किया

देहरादून। आज मोटोरोला ने नया मोटोरोला रेजर 5जी लॉन्च किया। यह भारत में इससे पिछली जरनेशन के स्मार्टफोन का ज्यादा रिफाईड, बेहतर व शक्तिशाली उत्तराधिकारी है। इसमें वाटर रेपलेंट डिजाईन है और यह 200,000 फिल्प्स तक काम कर सकता है। रेजर 5जी न केवल ज्यादा टिकाऊ है, बल्कि इसमें सर्वश्रेष्ट, अग्रणी व अत्याधुनिक विशेषताओं का समावेश किया गया है। इसकी मुख्य विशेषताओं में ओआईएस के साथ दुनिया का सबसे उन्नत 48 मेगापिक्सल एफ 1.7 सेल्फी कैमरा है, जो डिवाईस ओपन होने पर रियर कैमरा के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

# पानी की खपत के अनुसार ही लोगों से लिया जाए चार्ज

**बैठक**

■ पानी के उपभोग के अनुसार ही बिल भुगतान हो, इसके लिए ठोस कार्ययोजना बनाई जाए: मुख्यमंत्री

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि लोगों को गुणवत्ता युक्त पेयजल मिले और पानी के उपभोग के अनुसार ही बिल भुगतान हो, इसके लिए ठोस कार्ययोजना बनाई जाए। सचिवालय में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि मीटर लगाने के साथ ही पानी की खपत के अनुसार ही लोगों से चार्ज लिया जाए। इसके लिए एक सरल और स्पष्ट नीति बनाई जाए, साथ ही इस बात का भी ध्यान रखा जाए कि मानकों का निर्धारण करना जरूरी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में मात्र एक रूपये में पानी का कनेक्शन दिया जा रहा है। इस योजना के तहत उत्तराखण्ड के सभी ग्रामीण परिवारों को पीने का स्वच्छ पानी नल द्वारा पहुंचाया जायेगा। जल संस्थान, स्वजल एवं पेयजल निगम को इसके लिए कार्यदायी एजेंसी बनाया गया है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि ईज आफ डूईंग बिजनेस की रैंकिंग में सुधार के लिए विभिन्न क्षेत्रों में सुधार की प्रक्रिया में और तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। निर्धारित रिफार्म एक्शन प्लान के अनुरूप कार्य किए जाएं। उत्तराखण्ड राज्य, राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि प्राप्त करने वाले राज्यों की श्रेणी में सम्मिलित हो इसके लिये प्रभावी प्रयास किये जाएं। ईज आफ डूईंग बिजनेस में हालांकि उत्तराखण्ड वर्ष 2015 में 23 वें स्थान से अब 11 वें स्थान पर आ गया है। परंतु इसमें और सुधार के लिए पूरी गम्भीरता से प्रयास किए जाएं। कोविड–19 के दृष्टिगत तमाम सावधानियां भी रखनी हैं। साथ ही औद्योगिक इकाईयों को प्रोत्साहित भी करना है। राज्य के उद्यमी, आत्मनिर्भर भारत पैकेज में एमएसएमई क्षेत्र के लिए किए गए प्रावधानों का लाभ उठा सकें, इसके लिए उनका हरसम्भव सहयोग किया जाए। वोकल फोर लोकल के तहत स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि निवेशकों को अनावश्यक परेशान न होना पड़े। प्राप्त निवेश प्रस्तावों का समयबद्धता के साथ निस्तारण हो। कोविड–19 के कारण केंद्र व सभी राज्य सरकारों की वित्तीय स्थिति पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। अब अनलॉक में काफी कुछ गतिविधियां खोल दी गई हैं। राज्य की वित्तीय स्थिति को सुधारने के लिए अनलाक की नई परिस्थितियों के अनुरूप कार्ययोजना बनाकर काम किया जाए। अनावश्यक व्यय को कम किया जाए परंतु विकास योजनाओं पर इसका प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति सहित विभिन्न जन कल्याण योजनाओं के लिए डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) सिस्टम की ओर अधिक ध्यान दिया जाय। सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र लोगों को मिले, इसके लिए सभी लाभार्थियों का आधार सीडिंग हो।

## देहरादून मेडिकल हब के रूप में उभर रहा हैः सीएम

देहरादून। बुधवार को मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत व केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अश्विनी चौबे की उपस्थिति में ऑनलाइन आयोजित कार्यक्रम में स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय, जौलीग्रांट देहरादून और ग्लोबल हेल्थ एलायंस, यूनाइटेड किंगडम के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। ग्लोबल हेल्थ एलायंस, विभिन्न कोर्सेज के माध्यम से मेडिकल स्टाफ विशेष तौर पर पैरामेडिकल स्टाफ, नर्सिंग स्टाफ को क्वालिटी प्रशिक्षण देगा। इसी प्रकार मोटर बाईक पैरामेडिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों संस्थाओं के मध्य इस समझौते से स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्तराखण्ड को काफी लाभ होगा। मोटर बाईक पैरामेडिक से पर्वतीय क्षेत्रों में मौके पर जाकर मरीजों को त्वरित चिकित्सा दी जा सकेगी। विश्व स्तरीय संस्था ग्लोबल हेल्थ एलायंस के द्वारा डिजाइन किये गये पाठ्यक्रमों से यहां के मेडिकल और पैरामेडिकल छात्रों का कौशल विकास होगा। रोजगार की दृष्टि से भी युवाओं को लाभ मिल सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून मेडिकल हब के रूप में उभर रहा है। हृदय रोग और डायबिटीज के इलाज की सुविधा पर विशेष ध्यान देना होगा।

# सीएम ने किया त्रैमासिक स्मारिका 'गुलदस्ता' का विमोचन

**विमोचन**

■ स्मारिका को कोविड–19 विशेषांक के रूप में जनता को समर्पित किया: सीएम

देहरादून। **संवाददाता**

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने मुख्यमंत्री आवास में उत्तरांचल प्रेस क्लब की त्रैमासिक स्मारिका 'गुलदस्ता' का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तरांचल प्रेस क्लब द्वारा इस स्मारिका को कोविड–19 विशेषांक के रूप में जनता को समर्पित किया है। यह विशेषांक भविष्य में लोगों को कोविड से संबधित विभिन्न पहलुओं पर शोध के लिए भी काफी कारगर होगा। उन्होंने कहा कि इस




विशेषांक में समाज के प्रबुद्ध लोगों, स्वास्थ्य विशषज्ञों, कोरोना योद्धाओं के विचारों को भी समाहित किया गया है।

कविता एवं लेख के माध्यम से कोविड से संबधित विभिन्न पहलुओं एवं लोगों पर इसके आर्थिक एवं सामाजिक प्रभावों तथा सरकार द्वारा इसके लिए किये गये प्रयासों को जनमानस तक पहुंचाने का सराहनीय प्रयास किया गया है। इस स्मारिका के माध्यम से पत्रकारिता के साथ ही सामाजिक जागरूकता एवं नागरिक जिम्मेदारी का निर्वहन किया गया है।

उत्तरांचल प्रेस क्लब के अध्यक्ष देवेन्द्र सती ने कहा कि इस स्मारिका को कोरोना विशेषांक के रूप में प्रकाशित करने का मुख्य उद्देश्य कोरोना से उपजी स्थितियों, समाज के विभिन्न वर्गों और प्रकृति पर पड़े इसके प्रभाव एवं विभिन्न वर्गों से जुड़े लोगों के अनुभवों को समाविष्ट करना है। प्रेस क्लब के सदस्यों द्वारा कोरोना काल में जरूरतमंद लोगों व परिवारों को राशन बांटने एवं बीमार व्यक्तियों को हर संभव मदद करने के प्रयास किये गये हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मीडिया कॉर्डिनेटर दर्शन रावत, उत्तरांचल प्रेस क्लब के महामंत्री संजीव कंडवाल, कोषाध्यक्ष इन्द्रेश कोहली, वरिष्ठ पत्रकार चेतन गुरूंग, जितेन्द्र अंथवाल, दिनेश कुकरेती, राजू पुशोला,सुबोध भट्ट आदि उपस्थित थे।

## छात्र छात्राओं को समय पर छात्रवृत्ति न दिये जान पर प्र्दर्शन

**संवाददाता** देहरादून। अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के छात्र छात्राओं को समय पर छात्रवृत्ति न दिये जाने एवं विभाग की रीति व नीति व अन्य समस्याओं का समाधान न किये जाने से नाराज कांग्रेसजनों ने जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर घेराव किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति जनजाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक राजकुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ता सर्वे चौक स्थित जिला समाज कल्याण अधिकारी के कार्यालय में इकटठा हुए और वहां पर अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के छात्र छात्राओं को समय पर छात्रवृत्ति न दिये जाने एवं विभाग की रीति व नीति व अन्य समस्याओं का समाधान न किये जाने से नाराज कांग्रेसजनों ने जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर घेराव किया और कहा कि जल्द ही समस्याओं का निदान नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जायेगा। इसके लिए जल्द ही रणनीति तैयार की जायेगी।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।